Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 131 ▫ रायपुर, गुरुवार 4 जून 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

### छत्तीसगढ़ निकाय चुनाव 2026 के परिणाम घोषित

## 5 में से 3 में भाजपा ने लहराया परचम 2 नगर पंचायत में कांग्रेस का कब्जा



**रायपुर,** 4 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में 1 जून को संपन्न हुए त्रिस्तरीय पंचायतों और नगरीय निकायों के आम एवं उप चुनावों के परिणाम बुधवार को घोषित कर दिए गए। प्रदेशभर में नगर पंचायत अध्यक्ष, पार्षद, जनपद सदस्य, सरपंच और पंच समेत कुल 1310 रिक्त पदों के लिए हुए मतदान के बाद मतगणना में तस्वीर साफ हो गई है। नगरीय निकायों के पांच अध्यक्ष पदों में से तीन पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जीत दर्ज की है, जबकि दो नगर पंचायतों में कांग्रेस प्रत्याशियों ने बाजी मारी है।

इस चुनाव में नवगठित नगर पंचायतों घुमका, बम्हनीडीह, शिवानंदनपुर और पलारी के परिणामों पर विशेष नजर रही। इन क्षेत्रों में पहली बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों के चुनाव को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कवर्धा जिले की सहसपुर लोहारा नगर पंचायत में केवल अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराया गया था। यहां भाजपा की महिला प्रत्याशी सरिता संतोष मिश्रा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 754 वोटों से पराजित कर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। राजनांदगांव जिले की नवगठित घुमका नगर पंचायत में कांग्रेस प्रत्याशी फूलमती वर्मा ने अध्यक्ष पद का चुनाव 85 मतों से जीत लिया। वहीं वार्ड चुनाव में कांग्रेस को बढ़त मिली। वहीं, 11 वार्डों में भाजपा, 3 वार्डों में कांग्रेस और 1 वार्ड में निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की।

जांजगीर-चांपा जिले की बम्हनीडीह नगर पंचायत में भाजपा प्रत्याशी रमेश डडसेना ने अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। वार्ड परिणामों में भी भाजपा का दबदबा देखने को मिला। वहीं, 11 वार्डों में भाजपा, 3 वार्डों में कांग्रेस और 1 वार्ड में निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की। सूरजपुर जिले की शिवानंदनपुर नगर पंचायत में क्ष्छ्क के प्रत्याशी रितेश जायसवाल अध्यक्ष पद का चुनाव जीतने में सफल रहे। वार्ड चुनावों में यहां भी मुकाबला कांटे का रहा। कुल 15 वार्डों में से 8 वार्डों में कांग्रेस और 7 वार्डों में भाजपा प्रत्याशी विजयी हुए। बलौदाबाजार जिले की नवगठित पलारी नगर पंचायत में कांग्रेस प्रत्याशी यानेश कुमार ने अध्यक्ष पद का चुनाव जीत लिया है। इसके साथ ही कांग्रेस ने इस नगर पंचायत में अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। वार्ड चुनाव परिणामों में भी कांग्रेस को बढ़त मिली है। यहां 9 वार्डों में कांग्रेस, 5 वार्डों में भाजपा के प्रत्याशी विजयी हुए हैं, जबकि 1 वार्ड में दोनों प्रत्याशियों को बराबर मत मिले हैं। इस वार्ड के विजेता का फैसला अब टॉस के जरिए किया जाएगा। बस्तर जिले के जगदलपुर नगर निगम के वार्ड क्रमांक-1 इंदिरा वार्ड में हुए उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रामकृष्ण तिवारी ने जीत हासिल कर नए पार्षद के रूप में निर्वाचित हुए। यह सीट पूर्व पार्षद अब्दुल रशीद के निधन के बाद रिक्त हुई थी, जिसके चलते उपचुनाव कराया गया था। बिलासपुर नगर निगम के वार्ड क्रमांक-29 संजय गांधी नगर (तारबाहर) में हुए उपचुनाव में कांग्रेस ने बड़ी जीत दर्ज की। कांग्रेस प्रत्याशी शेख आज़म ने भाजपा उम्मीदवार वी. मधुसूदन राव को पराजित कर पार्षद पद पर कब्जा जमाया।

### जनता सीएम साय के नेतृत्व की सरकार से खुश : जायसवाल



छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय उप-चुनाव के परिणाम आने के बाद प्रदेश की सियासत गरमा गई है। शुरुआती रुझानों और नतीजों में भाजपा की बढ़त पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने खुशी जाहिर की है और प्रदेश की जनता के साथ ही बीजेपी कार्यकताओं को भी आभार जताया है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस के आरोप पर भी पलटवार किया है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि ढाई सालों में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जो सरकार रही, यह उसका ही परिणाम है। चाहे नगरीय क्षेत्र के चुनाव हों या ग्राम और जिला पंचायत के, अधिकांश जगहों पर भाजपा की ऐतिहासिक जीत हो रही है। रुझान पूरी तरह भाजपा के पक्ष में हैं, जो यह साबित करता है कि प्रदेश की जनता सीएम साय के नेतृत्व की सरकार से खुश है। भाजपा की जीत को कांग्रेस की ओर से 'पैसों की जीत' बताए जाने पर स्वास्थ्य मंत्री ने करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अगर वो चुनाव जीतते हैं तो कहते हैं कि यह सरकार की नाकामी है और हम जीत रहे हैं तो उनको पैसे की जीत लग रही है। हर जगह दूसरों पर दोष मढ़ने लगते हैं। कांग्रेस हर चुनाव में पिट रही है। रिजल्ट से पहले बोलते है सरकार बनाएंगे हारने पर दोष देते हैं।

## मुजफ्फरपुर के अस्पताल में आग, 20 हताहत आईसीयू में अफरा-तफरी, 5 मौतों की पुष्टि

**नई दिल्ली,** 4 जून (न्यूज चैनल)। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में प्रसाद अस्पताल के आईसीयू में गुरुवार तड़के करीब दो बजे आग लग गई। अब तक पांच लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। मरने वालों में औराई के 30 वर्षीय शशांक कुमार, कथैया की गीता देवी और तरियानी-शिवहर के 57 वर्षीय उदय कुमार, कृष्ण नंदन और चंचला कुमारी के शव की पहचान हो सकी है। करीब 20 लोगों के हताहत होने की जानकारी आई, लेकिन मौतों की संख्या पर औपचारिक पुष्टि नहीं हो रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग अस्पताल की ऊपरी मंजिल स्थित आईसीयू में लगी, जिसके बाद पूरे परिसर में धुआं फैल गया और मरीजों व उनके परिजनों के बीच भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने का अभियान शुरू किया गया।



ब्रहपुरा थाना क्षेत्र में इस घटना से अफरातफरी मच गई। मौके पर कई घंटे बाद भी लोग मौतों की वास्तविक संख्या नहीं बता पा रहे थे, क्योंकि बेसुध अवस्था में निकाले गए लोगों को आसपास के दूसरे अस्पतालों में ले जाने की बात कही जा रही थी। बचाव कार्य में अस्पताल के कर्मी शुरू में लगे थे, लेकिन फिर अफरातफरी की स्थिति हो गई। ब्रह्मपुरा थाने के पुलिसकर्मियों ने बताया कि आग की सूचना शोरगुल से ही मिली थी। इसके बाद जिसे-जैसे मौका मिला, भागते हुए बचाव कार्य में लग गए हैं। दमकलकर्मियों ने शॉर्ट सर्किट से आग और 10 से 15 बेसुध लोगों को निकाले जाने की बात कही। मौतों का आंकड़ा बढ़ सकता है। मौके पर आए डीएम सुब्रत कुमार सेन ने कहा कि अस्पताल प्रशासन की लापरवाही पर परिजनों ने शिकायतें की हैं। फिलहाल आसपास के अस्पतालों में भी टीम देख रही है कि यहां से मरीज अगर ले जाए गए हैं तो उनकी स्थिति कैसी है? उन्होंने कहा कि राहत एवं बचाव कार्य में दमकलकर्मियों ने संतोषजनक काम किया है, अब देखना है कि बचाए गए बेसुध लोगों की स्थिति कैसी है?

### बिहार सरकार चार लाख रुपये मदद की घोषणा की

इधर, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में आग लगने से लोगों की मौत अत्यंत दुःखद है। शोक-संतप्त परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें तथा परिजनों को इस कठिन समय में संबल दें। मृतकों के परिजनों को अविलंब चार-चार लाख रुपये का अनुग्रह अनुदान प्रदान करने का निर्देश दिया गया है।

### ब्रेकिंग न्यूज

### बसों की आमने-सामने भयानक टक्कर, 7 की मौत



**नई दिल्ली,** 4 जून (न्यूज चैनल)। गुजरात के सूरत जिले से एक बेहद दर्दनाक और भीषण सड़क हादसे की खबर सामने आई है। बारडोली कस्बे के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-53) पर महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की दो सरकारी बसों की आपस में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि दुर्घटना के तुरंत बाद एक बस पलट गई और उसमें भीषण आग लग गई। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार इस दिल दहला देने वाले हादसे में कम से कम 7 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई है जबकि करीब 40 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। बताया जा रहा है कि सभी मृतक उसी बस में सवार थे जिसमें आग लगी थी। यह पूरी घटना गुजरात और महाराष्ट्र को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे-53 पर उवा गांव के पास मंगलवार को घटित हुई।

### अमेरिकी संसद में ट्रंप के खिलाफ बगावत; ईरान जंग रोकने वाले प्रस्ताव को दी मंजूरी

**नई दिल्ली,** 4 जून (न्यूज चैनल)। अमेरिका में ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान को लेकर राजनीतिक मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने युद्ध शक्तियों से जुड़े एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसका उद्देश्य ईरान के खिलाफ आगे की अमेरिकी सैन्य कार्रवाई को सीमित करना है। इस मतदान में कुछ रिपब्लिकन सांसदों ने भी डेमोक्रेट्स का साथ दिया, जिससे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए यह एक बड़ा राजनीतिक झटका माना जा रहा है।बुधवार को हुए मतदान में प्रस्ताव के पक्ष में 215 और विरोध में 208 वोट पड़े। परिणाम घोषित होते ही युद्ध विरोधी सांसदों ने इसे लोकतांत्रिक जवाबदेही और कांग्रेस के संवैधानिक अधिकारों की जीत बताया।




**चूहा- सुनती हो, आखिर ममता बेनर्जी की पार्टी टीएमसी टूट गई 58 बागी विधायकों ने ऋतुब्रत को अपना नेता चुन लिया है।**

**चुहिया- हां जी, सत्ता से अलग होते ही देखो क्या हाल हो जाता है।**

### मानसून ने दी दस्तक केरल में झमाझम बारिश



**नई दिल्ली,** 4 जून (हाईवे चैनल)। मौसम विभाग के मुताबिक मानसून ने केरल में दस्तक दे दी है। केरल के कई हिस्सों में पिछली रात से ही भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने कहा कि मॉनसून भारत में प्रवेश कर चुका है। केरल में मानसून के आगमन की आधिकारिक घोषणा के साथ ही नजरें इस बात पर भी हैं कि दिल्ली-एनसीआर और देश के अन्य हिस्सों में गर्मी से निजात कब मिलेगी। इस पहलू पर मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दो-चार दिनों में उत्तर प्रदेश, दिल्ली समेत देश के अन्य हिस्सों में भी गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं। दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने को लेकर मौसम विभाग ने कहा,अगले 3 से 4 दिनों में कर्नाटक तट से होते हुए मानसून गोवा की अक्षांश रेखा तक आगे बढ़ेगा। मानसून के आगे बढ़ने के लिए जैसी मौसमी परिस्थितियां चाहिए, फिलहाल सबकुछ अनुकूल नजर आ रहा है। आईएमडी वैज्ञानिकों का अनुमान है कि 10 जून के बाद मानसून की प्रगति धीमी होने की संभावना है। मानसून की दस्तक से पहले मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार सुबह तीन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

## महिलाओं के नाम सम्पत्ति रजिस्ट्री में 50 प्रतिशत की छूट

**रायपुर,** 4 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ की साय सरकार ने महिलाओं को बड़ी राहत देते हुए संपत्ति पंजीयन में विशेष छूट देने का फैसला किया है। अब महिलाओं के नाम पर संपत्ति की रजिस्ट्री कराने पर पंजीयन शुल्क में 50 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। सरकार का मानना है कि इस पहल से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ संपत्ति में उनकी भागीदारी बढ़ेगी। इस निर्णय से राज्यभर की हजारों महिलाओं को सीधे तौर पर लाभ मिलने की उम्मीद है।



छत्तीसगढ़ में साय सरकार से बड़ी राहत

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर महिलाओं के नाम होने वाली भूमि व संपत्ति की रजिस्ट्री (पंजीयन) शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट देने और 12 प्रतिशत उपकर (ष्टद्गह्यह्य) को पूरी तरह समाप्त करने के निर्णय से बड़ा बदलाव आया है। शासन की इस बड़ी रियायत के चलते बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में महिलाओं के नाम पर संपत्ति खरीदने और पंजीयन कराने की होड़ सी मच गई है। आंकड़ों के मुताबिक, ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है।

**एक महीने में रजिस्ट्री मामलों में 70 प्रतिशत की भारी वृद्धि**- जिला पंजीयक कार्यालय से प्राप्त आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, यह छूट लागू होने के बाद मात्र एक महीने के भीतर महिलाओं के पक्ष में होने वाली रजिस्ट्रियों में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है। अप्रैल 2026 जिले के पांचों उप पंजीयक कार्यालयों में महिलाओं के नाम पर कुल 309 दस्तावेज पंजीकृत हुए थे। मई 2026 यह संख्या बढ़कर 445 पहुंच गई, जो अप्रैल की तुलना में लगभग 70 प्रतिशत की शानदार बढ़ोतरी को दर्शाती है।

**ब्लॉकवार आंकड़ों पर एक नजर ( अप्रैल बनाम मई 2026 )**- रजिस्ट्री शुल्क में कटौती का लाभ उठाने में जिले के सभी क्षेत्र आगे रहे हैं, जिनमें शहरी इलाकों का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा। उप पंजीयक कार्यालय केवल बलौदाबाजार में अप्रैल 2026 में 78 और मई 2026 में बढ़कर 119 हो गया। इसी प्रकार पलारी में अप्रैल 2026 में 40 दस्तावेज बढ़कर मई 2026 में 56, सिमगा में 56 से बढ़कर 99, कसडोल में 24से बढ़कर 50 तथा भाटापारा में 111 से बढ़कर 121 दस्तावेज हो गए। यह वृद्धि दर्शाती है कि महिलाओं को दी गई पंजीयन शुल्क छूट का लाभ बड़ी संख्या में परिवार उठा रहे हैं। शहरी क्षेत्र बलौदाबाजार और भाटपारा के आकड़ों में अधिक वृद्धि देखी गई है।

**महिलाओं को मिल रहा लाभ**- जिला पंजीयक विनोद कोचे ने बताया कि राज्य शासन की इस नीति का सीधा और त्वरित लाभ महिलाओं को मिल रहा है। संपत्ति खरीद की लागत काफी कम हो जाने से अब परिवार स्वेच्छा से महिलाओं के नाम पर जमीन और मकान पंजीकृत कराने के लिए प्रोत्साहित हो रहे हैं। इससे महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है।

**12 प्रतिशत उपकर समाप्त**- बलौदाबाजार के उप पंजीयक विपुल श्रीवास्तव के अनुसार, अप्रैल 2026 से 12 प्रतिशत उपकर समाप्त होने से इस प्रक्रिया में और तेजी आई है। अकेले बलौदाबाजार कार्यालय में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अब तक 107 अधिक दस्तावेजों का पंजीयन हो चुका है। खास बात यह है कि इससे जहां एक तरफ आम जनता को बड़ी आर्थिक राहत मिली है, वहीं दूसरी तरफ रजिस्ट्री की संख्या बढ़ने से शासन के राजस्व में भी वृद्धि हो रही है।

### कांगो और युगांडा से लौटे 3 लोगों में संक्रमण होम-आईसोलेशन में रखने निर्देश




**दुर्ग,** 4 जून (हाईवे चैनल)। प्रदेश के दुर्ग जिले से बुधवार को एक बड़ी व चिंताजनक खबर सामने आई। कोरोना की तरह दुनिया के सबसे खतरनाक 'इबोला' वायरस ने कथित तौर पर दुर्ग में दस्तक दे दी है। कांगो, इथोपिया और युगांडा से उसके तीन संदिग्ध दुर्ग पहुंचे हैं। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने मीडिया से हुई बातचीत में सभी इबोला संदिग्धों के दुर्ग पहुंचने की पुष्टि की है।

बताया कि आईडीएसपी से सूचना मिलते ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को सभी संदिग्धों को ढूंढ कर होम-आईसोलेशन में रखने निर्देश दिए हैं। केंद्र की सूचना के अनुसार इथोपिया व युगांडा से पहुंचे संदिग्ध अलग-अलग एयरपोर्ट होते हुए सीधे दुर्ग पहुंचे हैं, जबकि कांगो से निकला संदिग्ध मुंबई में ठहरा और फिर दुर्ग के लिए रवाना हुआ।

इबोला संदिग्धों का प्रदेश में यह पहला केस, इसलिए अफसरों के कान खड़े हो गए हैं। वैसे, कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है, तीनों संदिग्धों की स्थिति सामान्य बताई गई है।

## जुलाई में निकलेगी दूसरे चरण की लॉटरी बदल सकती है हजारों बच्चों की किस्मत




**रायपुर,** 4 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में आरटीई (निश्शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार) के तहत निजी स्कूलों में पहले चरण के तहत प्रवेश प्रक्रिया पूरी हो गई है। राज्य में कुल 6868 स्कूलों में 22016 सीटों में प्रवेश होने हैं। पहले चरण की सीट आबंटन व लॉटरी में 14 हजार 403 विद्यार्थियों का चयन किया गया था। इसमें से 13120 सीटों में प्रवेश हुआ। इस दौरान 1283 सीटों में विद्यार्थियों ने प्रवेश नहीं लिया है। राजधानी रायपुर की बात की जाए तो लॉटरी में 3096 सीट पर 2606 छात्रों का चयन हुआ था जिनमें से 2297 सीटों पर प्रवेश हुआ। राज्य में 22 हज़ार 16 सीटों के विरुद्ध 38 हजार 439 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 27 हजार 203 पात्र एवं 11 हज़ार 236 अपात्र पाए गए। पात्र आवेदनों में से 14 हजार 403 विद्यार्थियों का चयन ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से किया गया था।

**द्वितीय चरण में छात्र पंजीयन 1 जुलाई से**- आरटीई प्रवेश के द्वितीय चरण के तहत न्यू स्कूल रजिस्ट्रेशन 8 जून से शुरू होकर 20 जून तक चलेगा। उसके बाद 25 जून तक नोडल प्राचार्य, डीईओ द्वारा सत्यापन कार्य किया जाएगा। फिर प्रवेश के लिए छात्र पंजीयन 1 से 11 जुलाई तक किए जा सकेंगे। इनका नोडल वेरिफिकेशन 15 जुलाई तक होगा। सीटों की लॉटरी एवं आबंटन 27 से 31 जुलाई तक किए जाएंगे। चयनित विद्यार्थियों को 3 से 17 अगस्त के बीच स्कूल में दाखिला लेना होगा।

### रूस ने भारत को सौंपी एस-400 की चौथी स्क्वॉड्रन, दुश्मन मिसाइलें हवा में होंगी तबाह

**नई दिल्ली,** 4 जून (न्यूज चैनल)। भारत ने आखिरकार अपनी वायु सुरक्षा दीवार को और घातक बना दिया है। रूस निर्मित एस-400 वायु रक्षा प्रणाली की चौथी स्क्वॉड्रन भारत पहुंच चुकी है और इसके साथ ही दुश्मनों की नींद उड़ना तय माना जा रहा है। समुद्री मार्ग से भारत पहुंचे इस अत्याधुनिक रक्षा कवच को जल्द ही पश्चिमी मोर्चे पर तैनात किया जाएगा, जहां पाकिस्तान की हरकतों और चीन की विस्तारवादी चालों पर नजर रखते हुए इसे रणनीतिक रूप से लगाया जाएगा।

## 61 की उम्र में फिर दूल्हा बनेंगे आमिर खान, गर्लफ्रेंड गौरी संग 5 जुलाई को रचाएंगे तीसरी शादी!



**नई दिल्ली,** 4 जून (न्यूज चैनल)। अगर यह खबर सच साबित होती है तो यह आमिर खान की तीसरी शादी होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्टर इस शादी को बहुत ही निजी और सीमित दायरे में रखना चाहते हैं। बताया जा है है कि वे किसी बड़े और भव्य आयोजन की बजाय एक सिंपल समारोह करेंगे, जिसमें सिर्फ उनके बेहद करीबी रिश्तेदार और खास दोस्त ही शामिल होंगे।

दोनों के प्यार की चर्चा उस समय तेज हो गई जब आमिर खान ने अपनी लव लाइफ को लेकर एक बयान दिया था। उन्होंने बताया था कि गौरी बेंगलुरु में रहती हैं और वे उनसे मिले वहीं जाते थे। एक करीबी सूत्र के हवाले से बताया गया है कि आमिर खान और गौरी पिछले एक साल से थोड़ा अधिक समय से एक साथ एक परिवार की तरह रह रहे हैं। दोनों एक स्थिर और खुशहाल जीवन साझा कर रहे हैं और अब उन्होंने अपने परिवारों की मौजूदगी में अपने रिश्ते को आधिकारिक रूप देने का फैसला किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 5 जुलाई को उनकी शादी के लिए खास दिन के रूप में चुना गया है। माना जा रहा है कि इस मौके पर दोनों परिवार एक साथ इकट्ठा होंगे और बेहद सादगीपूर्ण तरीके से यह समारोह संपन्न किया जाएगा।